**केंद्रीय निदेशक बोर्ड, भारतीय रिज़र्व बैंक की 26 जून 2020 को मुंबई में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से आयोजित पांच सौ तिरासीवीं (583वीं) बैठक का कार्यवृत्त**

**उपस्थित**

**गवर्नर**

शक्तिकान्त दास : अध्यक्ष

**उप गवर्नर**

बी. पी. कानूनगो एम. के. जैन

एम. डी. पात्र

**निदेशक**

| | |
|---|---|
| देबाशीष पण्डा | तरुण बजाज |
| एन. चंद्रसेकरन | अशोक गुलाटी |
| मनीष सभरवाल | प्रसन्न के. मोहंती |
| दिलीप एस. शंघवी | सतीश के. मराठे |
| रेवती अय्यर | सचिन चतुर्वेदी |

**उपस्थित आमंत्रित – कार्यपालक निदेशक**

| | |
|---|---|
| एम. राजेश्वर राव | लिलि वडेरा |
| रबि एन. मिश्र | नन्दा एस. दवे |
| अनिल के. शर्मा | एस. सी. मुर्मू |
| टी .रबी शंकर | जनक राज |
| पी. विजय कुमार | इंद्राणी बॅनर्जी |
| ओ. पी. मल्ल | सुधा बालकृष्णन |

**उपस्थित**

अविरल जैन, मुख्य महाप्रबंधक एवं सचिव

**केंद्रीय निदेशक बोर्ड, भारतीय रिज़र्व बैंक की 26 जून 2020 को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से आयोजित पांच सौ तिरासीवीं (583वीं) बैठक**

कार्यसूची पर चर्चा शुरू करने से पूर्व, गवर्नर ने बोर्ड को अवगत किया कि यह केंद्रीय बोर्ड की पहली बैठक है, जो पूर्ण रूप से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से आयोजित की गई है और यह कोविद-19 महामारी के प्रकोप से बदले हुए परिदृश्य के कारण आवश्यक है।

1.2 गवर्नर ने निदेशकों, श्री देबाशीष पण्डा, सचिव, भारत सरकार, वित्तीय सेवाएं विभाग और श्री तरुण बजाज, सचिव, भारत सरकार, आर्थिक कार्य विभाग, जिन्हें हाल ही में केंद्रीय बोर्ड में नामित किया गया है, का स्वागत किया। उन्होंने श्री एन. चंद्रसेकरन का भी उनके पुनर्नामांकन पर स्वागत किया। उन्होंने बोर्ड को सूचित किया कि कार्यपालक निदेशकों, श्री पी. विजय कुमार; श्रीमती इंद्राणी बॅनर्जी और डॉ. ओ. पी. मल्ल द्वारा पहली बार बोर्ड की बैठक में भाग लिया जा रहा है। बोर्ड को सूचित किया गया कि केंद्रीय बोर्ड की 15 फरवरी 2020 को नई दिल्ली में आयोजित पिछली बैठक के उपरांत उप गवर्नर श्री एन. एस. विश्वनाथन ने पदभार छोड़ दिया। साथ ही, इस बीच निदेशकों, श्री भरत नरोतम दोशी और श्री सुधीर मांकड का कार्यकाल समाप्त हो गया और सरकार नामिती निदेशकों, श्री राजीव कुमार, पूर्व वित्त सचिव और सचिव, वित्तीय सेवाएं विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार और श्री अतनु चक्रवर्ती, पूर्व सचिव, आर्थिक कार्य विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार का कार्यकाल भी समाप्त हो गया। इसके अलावा, इस बीच कार्यपालक निदेशकों, श्रीमती मालविका सिन्हा, श्री एस. गणेश कुमार और डॉ. दीपक मोहंती अधिवर्ष हो गए। बोर्ड ने उन सभी के द्वारा प्रदान किए गए योगदान के प्रति अपनी सराहना को अभिलिखित किया।

1.3 अपनी प्रारंभिक टिप्पणी में, गवर्नर ने वर्तमान आर्थिक परिदृश्य, कोविद-19 महामारी द्वारा खड़ी की गई चुनौतियों और अर्थव्यवस्था पर इसके प्रभाव को कम करने के लिए रिज़र्व बैंक द्वारा की गई कार्रवाइयों का संक्षिप्त विवरण दिया।

1.4 तदुपरांत, गवर्नर ने उप गवर्नरों को उक्त मुद्दों को विस्तार से समझाने के लिए आमंत्रित किया। उप गवर्नरों ने अपने संबंधित क्षेत्रों में की गई कार्रवाइयों का संक्षिप्त ब्यौरा दिया। उनकी प्रस्तुतियों में सभी संबंधित पहलू शामिल थे जैसे कि महामारी के प्रकोप के मद्देनजर कारोबारी निरंतरता को सुनिश्चित करना, की गई विभिन्न नीतिगत कार्रवाइयां, वित्तीय बाजारों का परिचालन सुचारू रूप से सुनिश्चित करने के लिए की गई चलनिधिगत कार्रवाइयां, बैंकों और अन्य विनियमित इकाइयों के संबंध में विनियामकीय व्यवस्था, संचलनगत मुद्रा की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कार्रवाइयां, भुगतान और निपटान प्रणालियों का अबाधित परिचालन सुनिश्चित करना एवं राज्य और केंद्र सरकार की उधार आवश्यकताओं को प्रबंधित करना। इन कार्रवाइयों के परिणामों के संबंध में, यह कहा गया कि जैसा कि संबंधित आंकडों को अभी प्राप्त किया जाना और उनका अध्ययन किया जाना है, प्रभाव का मूल्यांकन यथासमय किया जाएगा।

1.5 निदेशकों ने महामारी के प्रकोप के बाद नवोन्मेषी कार्रवाइयां करने में रिज़र्व बैंक की तत्परता और प्रतिक्रियता की सराहना की। तथापि, उन्होंने बैंक से इसकी जांच करने का आग्रह किया कि महामारी के प्रभाव को कम करने के लिए और क्या विचार किया जा सकता है। एक निदेशक ने उधार खातों में चुकौतियों के पुनर्निर्धारण और हाल ही में प्रख्यापित बैंककारी विनियमन अधिनियम (संशोधन) अध्यादेश के मद्देनजर शहरी सहकारी बैंकिंग के समग्र पहलुओं की समीक्षा करने के लिए एक समिति के गठन का सुझाव दिया। एक दूसरे निदेशक ने टिप्पणी की कि ऋण उठाव (क्रेडिट ऑफटेक) की मदद के लिए मांग में सुधार आवश्यक है। एक दूसरे निदेशक ने एमएसएमई के लिए एकबारगी निपटान योजना का सुझाव दिया। [redacted] एक दूसरे निदेशक ने टिप्पणी की कि बहुत सारी की गई कार्रवाइयों के बावजूद भी ऋण के प्रवाह के बारे में आशंकाएं हैं। एक दूसरे निदेशक ने एनपीए की स्थिति और वित्तीय स्थिरता पर रिज़र्व बैंक द्वारा घोषित मॉरटॉरियम के प्रभाव के बारे में जानना चाहा। सभी टिप्पणियों को जांच के लिए नोट किया गया।

**2.** तदुपरांत कार्यसूची पर चर्चा शुरू की गई।

(i) बैठक की कार्यसूची **अनुलग्नक – I** पर है।

(ii) बैठक के कार्रवाई बिंदु **अनुलग्नक – II** पर हैं।

## 3. केंद्रीय बोर्ड की 15 फरवरी 2020 को आयोजित बैठक का कार्यवृत्त

3.1 केंद्रीय बोर्ड की 15 फरवरी 2020 को आयोजित बैठक के कार्यवृत्त को केंद्रीय बोर्ड द्वारा अनुमोदित और अभिलिखित किया गया।

3.2 अध्यक्ष ने कार्यवृत्त पर हस्ताक्षर किए।

## 4. निदेशकों को अनुपस्थित रहने की अनुमति प्रदान करना

4.1 बोर्ड ने श्री एस. गुरुमूर्ति, केंद्रीय बोर्ड निदेशक से प्राप्त अनुपस्थित रहने की अनुमति के अनुरोध पर विचार किया और उसे स्वीकृत किया।

## 5. भारतीय रिज़र्व बैंक के केंद्रीय बोर्ड निदेशकों, जिन्होंने पदभार छोड़ दिया है, के सेवाओं की सराहना

5.1 बोर्ड ने भारतीय रिज़र्व बैंक के केंद्रीय बोर्ड निदेशकों, जिन्होंने बोर्ड की 15 फरवरी 2020 को नई दिल्ली में आयोजित पिछली बैठक के बाद से पदभार छोड़ दिया है, की सेवाओं की सराहना से संबंधित कार्यपालक निदेशक के 20 जून 2020 के ज्ञापन पर विचार किया।

5.2 बोर्ड ने निम्नलिखित संकल्प पारित किया:

**संकल्प पारित किया गया**

कि सचिव संबंधित निदेशकों को निम्नलिखित बोर्ड संकल्प संप्रेषित करें।

**यह भी संकल्प पारित किया गया**

कि केंद्रीय बोर्ड श्री एन. एस. विश्वनाथन द्वारा 4 जुलाई 2016 से 31 मार्च 2020 तक भारतीय रिज़र्व बैंक में उप गवर्नर के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान प्रदान की गई बहुमूल्य सेवाओं के प्रति अपनी गहरी सराहना को अभिलिखित करना चाहता है।

केंद्रीय निदेशक बोर्ड, केंद्रीय बोर्ड और इसकी समितियों की चर्चाओं में श्री विश्वनाथन के बहुमूल्य योगदान और अंतर्दृष्टि की गहरी सराहना करता है और उनके सभी भावी प्रयासों में उनकी सफलता की कामना करता है। बोर्ड आने वाले वर्षों में उनके और उनके परिवार के लिए उत्तम स्वास्थ्य और खुशहाली की कामना करता है।

**यह भी संकल्प पारित किया गया**

कि बैंक का केंद्रीय निदेशक बोर्ड श्री भरत दोशी द्वारा 04 मार्च 2016 से 03 मार्च 2020 तक केंद्रीय बोर्ड के निदेशक के रूप में प्रदान की गई सेवाओं के प्रति अपनी गहरी सराहना को अभिलिखित करता है।

केंद्रीय बोर्ड के निदेशक के रूप में, श्री दोशी ने वित्तीय पर्यवेक्षण बोर्ड (बीएफएस) एवं लेखापरीक्षा और जोखिम प्रवंध समिति (एआरएमएस) को विशिष्ट सेवा प्रदान की।

केंद्रीय निदेशक बोर्ड, केंद्रीय बोर्ड और इसकी समितियों की चर्चाओं में श्री दोशी के प्रोफेशनलिज्म, बहुमूल्य योगदान और अंतर्दृष्टि की गहरी सराहना करता है और उनके सभी भावी प्रयासों में उनकी सफलता की कामना करता है। बोर्ड आने वाले वर्षों में उनके और उनके परिवार के लिए उत्तम स्वास्थ्य और खुशहाली की कामना करता है।

**यह भी संकल्प पारित किया गया**

कि बैंक का केंद्रीय निदेशक बोर्ड श्री सुधीर मांकड द्वारा 04 मार्च 2016 से 03 मार्च 2020 तक केंद्रीय बोर्ड के निदेशक के रूप में प्रदान की गई सेवाओं के प्रति अपनी गहरी सराहना को अभिलिखित करता है।

केंद्रीय बोर्ड के निदेशक के रूप में, श्री मांकड ने वित्तीय पर्यवेक्षण बोर्ड (बीएफएस) एवं लेखापरीक्षा और जोखिम प्रबंध समिति (एआरएमएस) को विशिष्ट सेवा प्रदान की।

केंद्रीय निदेशक बोर्ड, केंद्रीय बोर्ड और इसकी समितियों की चर्चाओं में श्री मांकड के प्रोफेशनलिज्म, बहुमूल्य योगदान और अंतर्दृष्टि की गहरी सराहना करता है और आने वाले वर्षों में उनके और उनके परिवार के लिए उत्तम स्वास्थ्य और खुशहाली की कामना करता है।

**यह भी संकल्प पारित किया गया**

कि केंद्रीय बोर्ड श्री राजीव कुमार द्वारा 12 सितंबर 2017 से 29 फरवरी 2020 तक केंद्रीय बोर्ड के निदेशक के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान प्रदान की गई सेवाओं के प्रति अपनी सराहना को अभिलिखित करता है।

बोर्ड, सरकार में उनके व्यापक अनुभव और कुछ जटिल मुद्दों पर उनकी बहुमूल्य अंतर्दृष्टि से लाभान्वित हुआ। बोर्ड आने वाले वर्षों में उनके उत्तम स्वास्थ्य और खुशहाली की कामना करता है।

**यह भी संकल्प पारित किया गया**

कि केंद्रीय बोर्ड श्री अतनु चक्रवर्ती द्वारा 29 जुलाई 2019 से 30 अप्रैल 2020 तक केंद्रीय बोर्ड के निदेशक के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान प्रदान की गई सेवाओं के प्रति अपनी सराहना को अभिलिखित करता है।

बोर्ड, सरकार में उनके व्यापक अनुभव और कुछ जटिल मुद्दों पर उनकी बहुमूल्य अंतर्दृष्टि से लाभान्वित हुआ। बोर्ड आने वाले वर्षों में उनके उत्तम स्वास्थ्य और खुशहाली की कामना करता है।

## 6. संवेदना संकल्प – डॉ. ए. वैद्यनाथन, भारतीय रिज़र्व बैंक के केंद्रीय बोर्ड के पूर्व निदेशक

6.1 बोर्ड ने संवेदना संकल्प – डॉ. ए. वैद्यनाथन, भारतीय रिज़र्व बैंक के केंद्रीय बोर्ड के पूर्व निदेशक से संबंधित कार्यपालक निदेशक के 14 जून 2020 के ज्ञापन पर विचार किया।

6.2 बोर्ड ने निम्नलिखित संकल्प पारित किया:

**संकल्प पारित किया गया**
कि बोर्ड को डॉ. ए. वैद्यनाथन, भारतीय रिज़र्व बैंक के केंद्रीय बोर्ड के पूर्व निदेशक के दुखद निधन का समाचार अत्यंत दुख के साथ ज्ञात हुआ है। डॉ. वैद्यनाथन 27 जून 2006 से 23 सितंबर 2011 तक केंद्रीय बोर्ड के सदस्य थे। इस अवधि के दौरान, उन्होंने बोर्ड की चर्चाओं में बहुमूल्य योगदान दिया और इसकी चर्चाओं को समृद्ध किया। बोर्ड उनके परिवार के सदस्यों को हुई इस क्षति के लिए उनके प्रति अपनी गहरी संवदेना व्यक्त करता है।

**यह भी संकल्प पारित किया गया**
कि इस संकल्प की एक प्रति डॉ. ए. वैद्यनाथन के परिवार को भेजी जाए।

## 7. केंद्रीय बोर्ड समिति की बैठकों के कार्य विवरण प्रस्तुत करना

7.1 निदेशकों के बीच पहले से परिचालित, केंद्रीय बोर्ड समिति की 05 फरवरी 2020 और 10 जून 2020 के बीच आयोजित बैठकों के कार्य विवरण केंद्रीय बोर्ड को प्रस्तुत किए गए और अभिलिखित किए गए।

## 8. दिनांक 19 जून 2020 को समाप्त सप्ताह से संबंधित भारतीय रिज़र्व बैंक का साप्ताहिक कार्य विवरण

8.1 दिनांक 19 जून 2020 को समाप्त सप्ताह से संबंधित बैंक का साप्ताहिक लेखा केंद्रीय बोर्ड को प्रस्तुत किया गया।

8.2 अध्यक्ष ने लेखा हस्ताक्षरित किया।

## 9. साप्ताहिक वित्तीय एवं वाणिज्यिक रिपोर्ट (डब्ल्यूएफसीआर)

9.1 बोर्ड ने साप्ताहिक वित्तीय एवं वाणिज्यिक रिपोर्ट (डब्ल्यूएफसीआर) में सप्ताह के दौरान दर्शाए गए समष्टि आर्थिक गतिविधियों और मुद्रा बाजार की स्थिति की समीक्षा की और उनपर चर्चा की।

9.2 एक निदेशक ने ऋण वृद्धि में गिरावट के बारे में चिंता व्यक्त की। तथापि, यह स्पष्ट किया गया कि संकुचन की दर में कमी आई है। जून 2020 से कुछ क्षेत्रों जैसे कि खाद, इस्पात, ऊर्जा, आदि में मांग बढ़ने का संकेत दर्शा रही है यद्यपि अर्थव्यवस्था महामारी के प्रभाव के कारण अभी भी दबाव में है।

## 10. जनवरी 2019 से दिसंबर 2019 के लिए वित्तीय पर्यवेक्षण बोर्ड की गतिविधियों पर रिपोर्ट

10.1 बोर्ड ने जनवरी 2019 से दिसंबर 2019 के लिए वित्तीय पर्यवेक्षण बोर्ड की गतिविधियों पर रिपोर्ट से संबंधित कार्यपालक निदेशक के 1 जून 2020 के ज्ञापन पर विचार किया।

10.2 एक निदेशक ने टिप्पणी की कि बैंकों द्वारा अपनी शाखाओं की निगरानी महत्वपूर्ण है। [redacted] इसके अतिरिक्त, हाल में घटित धोखाधड़ियों के तौर-तरीकों की पहचान करने और रिज़र्व बैंक की निरीक्षण टीमों में क्षमता निर्माण के लिए उद्धरण हेतु एक अध्ययन किया जाना चाहिए। सूचना प्रणाली ऑडिट प्रोफेशनल टीमों द्वारा किया जाना चाहिए। [redacted] निदेशक ने विनियमित इकाइयों के साथ की गई धोखाधड़ियों का पता लगाने में होनेवाले विलंब पर भी चिंता व्यक्त की। एक दूसरे निदेशक ने टिप्पणी की कि अन्य एजेंसियों जैसे कि पुलिस, सेबी, आदि की भी धोखाधड़ियों को रोकने में और उनका शीघ्र पता लगाने में महत्वपूर्ण भूमिका है। [redacted]

10.3 चर्चा के दौरान, पर्यवेक्षण विभाग में पर्यवेक्षी प्रक्रिया को और सुदृढ़ करने के लिए वर्ष के दौरान की गई कार्रवाइयों के बारे में बोर्ड को अवगत किया गया। यह स्पष्ट किया गया कि धोखाधड़ी की पहचान के लिए भिन्न–भिन्न बैंकों द्वारा भिन्न-भिन्न प्रक्रियाएं अपनायी गईं, जिससे धोखाधड़ियों की पहचान में विलंब हुआ। धोखाधड़ी को रोकना विनियमित इकाइयों में जोखिम प्रबंधन, अभिशासन और एश्योरेंस का कार्य है, जिसमें सुधार के लिए पर्यवेक्षकों द्वारा बल दिया जा रहा है। धोखाधड़ियों पर पूर्व चेतावनी संकेत संबंधी दिशानिर्देश बैंकों को जारी कर दिए गए हैं और उसके कार्यान्वयन पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। यद्यपि शहरी सहकारी बैंकों से संबंधित रेटिंग मॉडलों की हाल ही में समीक्षा की गई है और उन्हें संशोधित कर दिया गया है, तथापि गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों से संबंधित रेटिंग मॉडलों का संशोधन जारी है। बैंक प्रवर्तन पर भी जोर दे रहा है।

10.4 बोर्ड ने निम्नलिखित संकल्प पारित किया:

**संकल्प पारित किया गया**

कि 31 दिसंबर 2019 को समाप्त वर्ष के लिए वित्तीय पर्यवेक्षण बोर्ड की गतिविधियों पर रिपोर्ट से संबंधित 01 जून 2020 के ज्ञापन को अभिलिखित किया जाए और इसके द्वारा अभिलिखित किया जाता है।

**11. अप्रैल 2019 से मार्च 2020 के लिए मुद्रा प्रबंध विभाग की गतिविधियों पर रिपोर्ट**

11.1 इस मद को आस्थगित कर दिया गया।

**12. अप्रैल 2019 से मार्च 2020 के लिए आंतरिक ऋण प्रबंध विभाग की गतिविधियों पर रिपोर्ट**

12.1 इस मद को आस्थगित कर दिया गया।

**13. अप्रैल 2019 से मार्च 2020 के लिए सूचना प्रौद्योगिकी विभाग की गतिविधियों पर रिपोर्ट**

13.1 इस मद को आस्थगित कर दिया गया।

**14. अप्रैल 2019 से मार्च 2020 के लिए भुगतान और निपटान प्रणाली विनियमन और पर्यवेक्षण बोर्ड की गतिविधियों पर रिपोर्ट**

14.1 इस मद को आस्थगित कर दिया गया।

**15. जुलाई 2019 से जून 2020 के लिए वार्षिक रिपोर्ट का प्रथम प्रारूप**

15.1 बोर्ड ने जुलाई 2019 से जून 2020 के लिए वार्षिक रिपोर्ट के प्रथम प्रारूप से संबंधित उप गवर्नर के 19 जून 2020 के ज्ञापन पर विचार किया।

15.2 एक निदेशक ने रिपोर्ट की गुणवत्ता सुधारने और सभी अध्यायों में तालमेल बैठाने के लिए सुझाव दिए। निदेशक ने यह भी इच्छा व्यक्त की कि सभी विभागों को महामारी संबंधी मुद्दे के निपटान के लिए किए गए प्रयासों पर संक्षिप्त विवरण शामिल करना चाहिए। उन्होंने यह भी टिप्पणी की कि वार्षिक रिपोर्ट में सूचित की जा रही उपलब्धियों को 'उत्कर्ष 2022' के लक्ष्यों के साथ मैप करके, लक्ष्यों की तुलना में मापा जाना चाहिए। एक दूसरे निदेशक की राय थी कि रिपोर्ट में बैंक का दीर्घकालिक विज़न भी प्रतिबिंबित होना चाहिए। यह बताया गया कि बैंक का स्पष्ट विज़न 'उत्कर्ष 2022' के तहत कार्रवाई बिंदुओं के रूप में स्पष्ट कर दिया गया है और उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए विभागों द्वारा विस्तृत कार्रवाई योजनाएं तैयार की गईं हैं। रिपोर्ट में, जहां लागू है, कार्रवाई योजनाओं के सापेक्ष निष्पादन की व्याख्या कर दी गईं हैं। एक अन्य निदेशक ने इच्छा व्यक्त की कि कोविद-19 महामारी के प्रभाव और इस संबंध में बैंक द्वारा की गई कार्रवाइयों को वार्षिक रिपोर्ट में सूचित सभी गतिविधियों में शामिल किया जाए।

15.3 बोर्ड ने निम्नलिखित संकल्प पारित किया:

**संकल्प पारित किया गया**
कि जुलाई 2019 से जून 2020 के लिए वार्षिक रिपोर्ट के प्रथम प्रारूप पर उप गवर्नर के 19 जून 2020 के ज्ञापन को अभिलिखित किया जाए और इसे इसके द्वारा अभिलिखित किया जाता है।

## 16. अप्रैल 2019 से मार्च 2020 के लिए परिसर विभाग की गतिविधियों पर रिपोर्ट

16.1 इस मद को आस्थगित कर दिया गया।

## 17. स्थानीय बोर्ड (उत्तरी क्षेत्र) की सोमवार, 23 दिसंबर 2019 को आरबीआई, नई दिल्ली में आयोजित बैठक का कार्य विवरण

17.1 स्थानीय बोर्ड (उत्तरी क्षेत्र) की सोमवार, 23 दिसंबर 2019 को आरबीआई, नई दिल्ली में आयोजित बैठक के कार्य विवरण केंद्रीय बोर्ड को प्रस्तुत किए गए।

17.2 बोर्ड ने उसपर विचार किया और निम्नलिखित संकल्प पारित किया:

**संकल्प पारित किया गया**
कि स्थानीय बोर्ड (उत्तरी क्षेत्र) की सोमवार, 23 दिसंबर 2019 को आरबीआई, नई दिल्ली में आयोजित बैठक के कार्य विवरण अभिलिखित किए जाएं और इन्हें इसके द्वारा अभिलिखित किया जाता है।

## 18. स्थानीय बोर्ड (पश्चिमी क्षेत्र) की 23 दिसंबर 2019 को मुंबई में आयोजित बैठक का कार्य विवरण

18.1 स्थानीय बोर्ड (पश्चिमी क्षेत्र) की 23 दिसंबर 2019 को मुंबई में आयोजित बैठक के कार्य विवरण केंद्रीय बोर्ड को प्रस्तुत किए गए।

18.2 बोर्ड ने उसपर विचार किया और निम्नलिखित संकल्प पारित किया:

**संकल्प पारित किया गया**
कि स्थानीय बोर्ड (पश्चिमी क्षेत्र) की 23 दिसंबर 2019 को मुंबई में आयोजित बैठक के कार्य विवरण अभिलिखित किए जाएं और इन्हें इसके द्वारा अभिलिखित किया जाता है।

[redacted]

[redacted]

[redacted]

[redacted]

[redacted]

## 20. राष्ट्रीय आवास बैंक को पुनर्वित्त सुविधा

20.1 बोर्ड ने राष्ट्रीय आवास बैंक को पुनर्वित्त सुविधा से संबंधित उप गवर्नर के 22 अप्रैल 2020 के ज्ञापन पर विचार किया।

20.2 बोर्ड ने निम्नलिखित संकल्प पारित किया:

**संकल्प पारित किया गया**

कि राष्ट्रीय आवास बैंक को विशेष पुनर्वित्त सुविधा से संबंधित उप गवर्नर के 22 अप्रैल 2020 के ज्ञापन को नोट किया जाए और इसे इसके द्वारा नोट किया जाता है एवं उसमें निहित प्रस्तावों का अनुसमर्थन किया जाता है।

[redacted]

[redacted]

[redacted]

[redacted]

## 22. वर्ष 2020-21 के लिए बजट अनुमान (जुलाई 2020 से मार्च 2021)

22.1 बोर्ड ने वर्ष 2020-21 के लिए बजट अनुमान (जुलाई 2020 से मार्च 2021) से संबंधित कार्यपालक निदेशक के 26 जून 2020 के ज्ञापन पर विचार किया।

[redacted]

[redacted]

22.3 बोर्ड ने निम्नलिखित संकल्प पारित किया:

**संकल्प पारित किया गया**

कि जुलाई 2020-मार्च 2021 अवधि के लिए बजट प्रस्तावों को अनुमोदित किया जाए और इन्हें इसके द्वारा अनुमोदित किया गया। वर्ष के दौरान किए जानेवाले अतिरिक्त व्यय, यदि आवश्यक हो, को सीसीबी द्वारा अनुपूरक बजटों के माध्यम से विचार किया जाए और अनुमोदित किया जाए।

## 23. राष्ट्रीय आवास बैंक को अतिरिक्त पुनर्वित्त सुविधा

23. 1 बोर्ड ने राष्ट्रीय आवास बैंक को अतिरिक्त पुनर्वित्त सुविधा से संबंधित उप गवर्नर के 18 जून 2020 के ज्ञापन पर विचार किया।

23.2 बोर्ड ने निम्नलिखित संकल्प पारित किया:

**संकल्प पारित किया गया**

कि राष्ट्रीय आवास बैंक को अतिरिक्त पुनर्वित्त सुविधा से संबंधित उप गवर्नर के 18 जून 2020 के ज्ञापन को नोट किया जाए और इसे इसके द्वारा नोट किया जाता है एवं उसमें निहित प्रस्तावों को अनुमोदित किया जाता है।

24. **मौद्रिक नीति समिति में डॉ. मृदुल कुमार सागर का नामांकन**

24.1 बोर्ड ने मौद्रिक नीति समिति में डॉ. मृदुल कुमार सागर के नामांकन से संबंधित उप गवर्नर के 23 जून 2020 के ज्ञापन पर विचार किया।

24.2 बोर्ड ने निम्नलिखित संकल्प पारित किया:

**संकल्प पारित किया गया**

कि भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 45जेडबी(2) के खंड (सी) के तहत मौद्रिक नीति समिति में डॉ. मृदुल कुमार सागर, कार्यपालक निदेशक (डेजिग्नेट) के पदेन सदस्य के रूप में नामांकन से संबंधित उप गवर्नर के 23 जून 2020 के ज्ञापन को नोट किया जाए और इसे इसके द्वारा नोट किया जाता है एवं उसमें निहित प्रस्तावों को अनुमोदित किया जाता है।

[redacted]

[redacted]

[redacted]

[redacted]

26. **केंद्रीय बोर्ड की आगामी बैठक की तारीख और स्थान – 14 अगस्त 2020 को मुंबई में**

**संकल्प पारित किया गया**

कि केंद्रीय बोर्ड की आगामी बैठक 14 अगस्त 2020 को मुंबई में आयोजित की जाएगी।

27. **अध्यक्ष की अनुमति से अन्य कोई विषय**

कुछ नहीं

सूचना मद

(i) वित्तीय पर्यवेक्षण बोर्ड के सदस्य के रूप में प्रो. सचिन चतुर्वेदी, निदेशक का नामांकन – **इसे अभिलिखित किया गया।**

(ii) केंद्रीय बोर्ड की बैठकों के कार्रवाई बिंदुओं का अनुपालन – **इसे अभिलिखित किया गया।**

(iii) भारतीय रिज़र्व बैंक के केंद्रीय बोर्ड में अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक के रूप में श्री नटराजन चंद्रसेकरन का पुन: नामांकन – **इसे अभिलिखित किया गया।**

**दिनांक : 14 अगस्त 2020** अध्यक्ष

अनुलग्नक I

# केंद्रीय बोर्ड की 583वीं बैठक : शुक्रवार, 26 जून 2020
## वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से

### कार्यसूची

| क्र. | मद | विभाग |
|---|---|---|
| 1. | केंद्रीय बोर्ड की 15 फरवरी 2020 को आयोजित बैठक के कार्यवृत्त पर हस्ताक्षर करना | सचिव |
| 2. | निदेशकों को अनुपस्थित रहने की अनुमति प्रदान करना | सचिव |
| 3. | भारतीय रिज़र्व बैंक के केंद्रीय बोर्ड निदेशकों, जिन्होंने पदभार छोड़ दिया है, के सेवाओं की सराहना | सचिव |
| 4. | संवेदना संकल्प – डॉ. ए. वैद्यनाथन, भारतीय रिज़र्व बैंक के केंद्रीय बोर्ड के पूर्व निदेशक | सचिव |
| 5. | केंद्रीय बोर्ड समिति की बैठकों के कार्य विवरण प्रस्तुत करना | सचिव |
| 6. | 19 जून 2020 को समाप्त सप्ताह से संबंधित भारतीय रिज़र्व बैंक का साप्ताहिक कार्य विवरण | डीजीबीए |
| 7. | साप्ताहिक वित्तीय एवं वाणिज्यिक रिपोर्ट (डब्ल्यूएफसीआर) | डीईपीआर |
| 8. | जनवरी 2019 से दिसंबर 2019 के लिए वित्तीय पर्यवेक्षण बोर्ड की गतिविधियों पर रिपोर्ट | डीओएस |
| 9. | अप्रैल 2019 से मार्च 2020 के लिए डीसीएम की गतिविधियों पर रिपोर्ट | डीसीएम |
| 10. | अप्रैल 2019 से मार्च 2020 के लिए आईडीएमडी की गतिविधियों पर रिपोर्ट | आईडीएमडी |
| 11. | अप्रैल 2019 से मार्च 2020 के लिए डीआईटी की गतिविधियों पर रिपोर्ट | डीआईटी |
| 12. | अप्रैल 2019 से मार्च 2020 के लिए बीपीएसएस की गतिविधियों पर रिपोर्ट | डीपीएसएस |
| 13. | जुलाई 2019 से जून 2020 के लिए वार्षिक रिपोर्ट का प्रथम प्रारूप | डीईपीआर |
| 14. | अप्रैल 2019 से मार्च 2020 के लिए परिसर विभाग की गतिविधियों की रिपोर्ट | परिसर |
| 15. | स्थानीय बोर्ड (उत्तरी क्षेत्र) की सोमवार, 23 दिसंबर 2019 को आरबीआई , नई दिल्ली में आयोजित बैठक का कार्य विवरण | सचिव |
| 16. | स्थानीय बोर्ड (पश्चिमी क्षेत्र) की 23 दिसंबर 2019 को मुंबई में आयोजित बैठक का कार्य विवरण | सचिव |

| क्र. | मद | विभाग |
| --- | --- | --- |
| [redacted] | [redacted] | [redacted] |
| 18. | राष्ट्रीय आवास बैंक को पुनर्वित्त सुविधा | एमपीडी |
| [redacted] | [redacted] | [redacted] |
| 20. | 2020-21 के लिए बजट अनुमान (जुलाई 2020 से मार्च 2021) | सीएसबीडी |
| 21. | राष्ट्रीय आवास बैंक को अतिरिक्त पुनर्वित्त सुविधा | एमपीडी |
| 22. | मौद्रिक नीति समिति में डॉ. मृदुल कुमार सागर का नामांकन | एमपीडी |
| [redacted] | [redacted] | [redacted] |
| 24. | केंद्रीय बोर्ड की आगामी बैठक की तारीख और स्थान – 14 अगस्त 2020 को मुंबई में | सचिव |
| 25. | अध्यक्ष की अनुमति से अन्य कोई विषय | सचिव |
| सूचना मद | | |
| (i) | वित्तीय पर्यवेक्षण बोर्ड के सदस्य के रूप में प्रो. सचिन चतुर्वेदी, निदेशक का नामांकन | डीओएस |
| (ii) | केंद्रीय बोर्ड की बैठकों के कार्रवाई बिंदुओं का अनुपालन | सचिव |
| (iii) | भारतीय रिज़र्व बैंक के केंद्रीय बोर्ड में अंशकालिक गैर सरकारी निदेशक के रूप में श्री नटराजन चंद्रसेकरन का पुन: नामांकन | सचिव |

अनुलग्नक II

केंद्रीय बोर्ड की 583वीं बैठक : शुक्रवार, 26 जून 2020
वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से

## कार्रवाई बिंदु

**कार्यसूची मद 13: जुलाई 2019 से जून 2020 के लिए वार्षिक रिपोर्ट का प्रथम प्रारूप**

1. निदेशकों द्वारा आरबीआई को ईमेल के द्वारा सीधे संवाद के माध्यम से दिए गए विशिष्ट सुझावों को वार्षिक रिपोर्ट में समुचित रूप से समाविष्ट किया जाए।

(कार्रवाई: डीईपीआर)

[redacted]

[redacted]

[redacted]

[redacted]

**Minutes of the Five Hundred and Eighty Third (583rd)**
**Meeting of the Central Board of Directors of the Reserve Bank of India**
**held on June 26, 2020 at Mumbai through Video Conference**

**PRESENT**

**Governor**

Shaktikanta Das: Chairman

**Deputy Governors**

B.P. Kanungo M.K. Jain
M.D. Patra

**Directors**

| | |
|---|---|
| Debasish Panda | Tarun Bajaj |
| N. Chandrasekaran | Ashok Gulati |
| Manish Sabharwal | Prasanna K. Mohanty |
| Dilip S. Shanghvi | Satish K. Marathe |
| Revathy Iyer | Sachin Chaturvedi |

**Present by Invitation - Executive Directors**

| | |
|---|---|
| M. Rajeshwar Rao | Lily Vadera |
| Rabi N. Mishra | Nanda S. Dave |
| Anil K. Sharma | S. C. Murmu |
| T. Rabi Sankar | Janak Raj |
| P. Vijaya Kumar | Indrani Banerjee |
| O. P. Mall | Sudha Balakrishnan |

**In Attendance**

Aviral Jain, Chief General Manager & Secretary

## Five Hundred and Eighty Third (583rd) Meeting of the Central Board of Directors of the Reserve Bank of India held on June 26, 2020 through video conference

Before taking up the Agenda, Governor apprised the Board that it was the first Central Board Meeting held entirely through video conference and this was necessitated by the changed scenario with the outbreak of COVID-19 pandemic.

1.2 Governor welcomed Directors Shri Debasish Panda, Secretary, Government of India, Department of Financial Services and Shri Tarun Bajaj, Secretary, Government of India, Department of Economic Affairs who were recently nominated to the Central Board. He also welcomed back Shri N. Chandrasekaran on his re-nomination. He informed the Board that this was the first meeting of the Board being attended by Executive Directors, Shri P. Vijay Kumar; Smt. Indrani Banerjee and Dr. O.P. Mall. The Board was informed that Deputy Governor Shri N.S. Vishwanathan laid down office subsequent to the last Central Board meeting held at New Delhi on February 15, 2020. Further, the terms of Directors Shri Bharat Narotam Doshi and Shri Sudhir Mankad had ended in the interregnum and the term of Government Nominee Directors Shri Rajiv Kumar, former Finance Secretary and Secretary, Department of Financial Services, Ministry of Finance, Government of India and Shri Atanu Chakraborty, former Secretary, Department of Economic Affairs, Ministry of Finance, Government of India had also ended. Further, Executive Directors, Smt. Malvika Sinha, Shri S. Ganesh Kumar and Dr. Deepak Mohanty had superannuated in the meantime. The Board placed on record its appreciation of the contributions made by all of them.

1.3 In his initial remarks, Governor an overview of the current economic scenario, the challenges posed by the COVID-19 pandemic and the measures taken by the Reserve Bank, to mitigate its impact on the economy.

1.4 Thereafter, Governor invited the Deputy Governors to elaborate on the issues in greater detail. Deputy Governors gave a brief overview of measures taken in their respective areas. Their presentations covered all relevant aspects such as ensuring business continuity in the wake of outbreak of the pandemic, the various policy

measures rolled out, the liquidity measures taken to ensure smooth functioning of the financial markets, regulatory dispensation in respect of banks and other regulated entities, measures to ensure adequate availability of currency in circulation, ensuring uninterrupted functioning of payment and settlement systems, and managing State and Central Government's borrowing requirements. As regards outcomes of these measures, it was stated that as the relevant data was yet to be received and studied, an impact assessment would be taken up in due course.

1.5 Directors appreciated the swiftness as well as the responsiveness of the Reserve Bank in taking innovative measures in the aftermath of the outbreak of the pandemic. They, however, urged the Bank to explore what more could be considered to mitigate the impact of the pandemic. A Director suggested rescheduling of repayments in the borrowal accounts and setting up of a committee for reviewing the entire gamut of urban cooperative banking in the wake of the Banking Regulation Act (amendment) Ordinance promulgated recently. Another Director observed that the demand needed to improve to help credit offtake. Another Director suggested one-time settlement scheme for MSMEs. [redacted] Another Director observed that there were apprehensions about flow of credit in spite of several measures taken. Another Director wanted to know the impact of moratorium announced by the Reserve Bank on the NPA situation and financial stability. All the observations were noted for examination.

**2.** The Agenda was taken up thereafter.

(i) The agenda of the meeting is at **Annex-I.**

(ii) Action points that emerged from the meeting are at **Annex-II.**

3. **Minutes of the meeting of the Central Board held on February 15, 2020**

3.1 The minutes of the meeting of the Central Board held on February 15, 2020 were approved by the Central Board and recorded.

3.2 The Chairman signed the minutes.

## 4. Grant of leave of absence to Directors

4.1 The Board considered the request for leave of absence from Shri S. Gurumurthy, Central Board Director and granted the same.

## 5. Appreciation of the services of Central Board Directors of Reserve Bank of India who have demitted office

5.1 The Board considered the Executive Director's memorandum dated June 20, 2020 on Appreciation of the services of Central Board Directors of Reserve Bank of India who have demitted office since last Board meeting on February 15, 2020 at New Delhi.

5. 2 The Board passed the following resolution:

**Resolved**

that the Secretary may convey the following Board resolutions to respective Directors.

**Resolved further**

that the Central Board wishes to place on record its deep appreciation of the valuable services rendered by Shri N.S. Vishwanathan during his tenure as Deputy Governor in the Reserve Bank of India from July 4, 2016 to March 31, 2020.

The Central Board of Directors deeply appreciates Shri Vishwanathan's valuable contributions and insights to the deliberations of the Central Board and its Committees and wishes him success in all his future endeavours. The Board wishes him and his family all the very best of health and happiness in the years to come.

**Resolved further**

that the Central Board of Directors of the Bank places on record its deep appreciation of the services rendered by Shri Bharat Doshi as a Director of the Central Board from March 04, 2016 to March 03, 2020.

As a Director of the Central Board, Shri Doshi served with distinction the Board for Financial Supervision (BFS) and Audit and Risk Management Committee (ARMS).

The Central Board of Directors deeply appreciates Shri Doshi's professionalism, valuable contributions and insights to the deliberations of the Central Board and its Committees and wishes him and his family all the very best of health and happiness in the years to come.

**Resolved further**

that the Central Board of Directors of the Bank places on record its deep appreciation of the services rendered by Shri Sudhir Mankad as a Director of the Central Board from March 04, 2016 to March 03, 2020.

As a Director of the Central Board, Shri Mankad served with distinction the Board for Financial Supervision (BFS) and Audit and Risk Management Committee (ARMS).

The Central Board of Directors deeply appreciates Shri Mankad's professionalism, valuable contributions and insights to the deliberations of the Central Board and its Committees and wishes him and his family all the very best of health and happiness in the years to come.

**Resolved further**

that the Central Board places on record its appreciation of the services rendered by Shri Rajiv Kumar, during his tenure as a Director of the Central Board from September 12, 2017 to February 29, 2020.

The Board benefitted from his vast experience in the Government and the valuable insights he brought to bear on some of the complex issues. The Board wishes him all the very best and good health and happiness in the years to come.

**Resolved further**

that the Central Board places on record its appreciation of the services rendered by Shri Atanu Chakraborty, during his tenure as a Director of the Central Board from July 29, 2019 to April 30, 2020.

The Board benefitted from his vast experience in the Government and the valuable insights he brought to bear on some of the complex issues. The Board wishes him all the very best and good health and happiness in the years to come.

## 6. Condolence Resolution - Dr. A. Vaidyanathan, former Director of Central Board of Reserve Bank of India

6.1 The Board considered the Executive Director's memorandum dated June 14, 2020 on Condolence Resolution - Dr. A. Vaidyanathan, former Director of Central Board of Reserve Bank of India.

6.2 The Board passed the following resolution:

**Resolved**

that the Board has learnt with profound sorrow the news of the sad demise of Dr. A. Vaidyanathan, former Director of Central Board of Reserve Bank of India. Dr. Vaidyanathan was a Member of the Central Board from June 27, 2006 to September 23, 2011. During this period, he made valuable contributions to the deliberations of the Board and enriched its discussions. The Board expresses its deep condolences to the members of his family for their loss.

**Resolved further**

that, a copy of this resolution be sent to the family of Dr. A. Vaidyanathan.

## 7. Submission of proceedings of the meetings of the Committee of the Central Board

7.1 Proceedings of the meetings of the Committee of the Central Board held between February 5, 2020 and June 10, 2020, already circulated among the Directors, were submitted to the Central Board and recorded

## 8. Weekly Statement of Affairs of Reserve Bank of India for the week ended June 19, 2020

8.1 The weekly accounts of the Bank for the week ended June 19, 2020, were submitted to the Central Board.

8.2 The Chairman signed the accounts.

## 9. Weekly Financial and Commercial Report (WFCR)

9.1 The Board reviewed and discussed the macroeconomic developments and the state of the money market during the week as reflected in the Weekly Financial and Commercial Report (WFCR).

9.2 A Director expressed concern about the slowdown in credit growth. It was, however, clarified that the rate of contraction had moderated. Demand was showing signs of picking up in certain sectors such as fertilizers, steel, energy, etc. since June 2020 though the economy was still under stress due to the impact of the pandemic.

## 10. Report on activities of Board for Financial Supervision for January 2019 to December 2019

10.1 The Board considered the Executive Director's memorandum dated June 1, 2020 on Report on activities of Board for Financial Supervision for January 2019 to December 2019.

10.2 A Director observed that oversight of banks over their branches was important. [redacted] Further, a study of recent frauds should be carried out to identify the modalities and lessons for capacity building in the inspection teams of the Reserve

Bank. Information System audits should be conducted by professional teams. [redacted] The Director also expressed concern over the delays involved in detection of frauds perpetrated on the regulated entities. Another Director observed that other agencies like police, SEBI, etc. also had to an important role to play in prevention of frauds and early detection. [redacted]

10.3 During the course of the discussion, steps taken during the year to further strengthen the supervisory process in the Department of Supervision were brought to the notice of the Board. It was clarified that different banks followed different practices for recognition of fraud, contributing to the delays in identification of frauds. Prevention of fraud was a function of risk management, governance and assurance functions in the regulated entities, which were being emphasised by the supervisors for improvement. Guidelines on early warning signals on frauds had been issued to banks and implementation of the same was receiving focused attention. While rating models for Urban Cooperative Banks had been reviewed and revised recently, the rating model for Non-Banking Financial Companies was under revision. The Bank was also laying emphasis on enforcement.

10.4 The Board passed the following resolution:

**Resolved**

that the memorandum dated June 01, 2020 on the Report on the activities of the Board for Financial Supervision for the year ended December 31, 2019, be, and is hereby recorded.

## 11. Report on activities of Department of Currency Management for April 2019 to March 2020

11.1 The item was deferred.

## 12. Report on activities of Internal Debt Management Department for April 2019 to March 2020

12.1 The item was deferred.

## 13. Report on activities of Department of Information Technology for April 2019 to March 2020

13.1 The item was deferred.

## 14. Report on activities of Board for Regulation and Supervision of Payment & Settlement System for April 2019 to March 2020

14.1 The item was deferred.

## 15. First draft of Annual Report for July 2019 to June 2020

15.1 The Board considered Deputy Governor's Memorandum dated June 19, 2020, on the First draft of Annual Report for July 2019 to June 2020

15.2 A Director made suggestions to improve the quality of the Report and bringing about synergy in all chapters. Director also desired that all Departments should include brief on the efforts made to tackle the pandemic related issues. He also observed that the achievements being reported in the Annual Report should be measured against the goals by mapping them with the goals of 'Utkarsh 2022'. Another Director opined that the Report should also reflect long-term vision of the Bank. It was explained that the articulated vision of the Bank was set out as action points under 'Utkarsh 2022' and the detailed action plans were prepared by the departments to achieve the objectives. The performance vis-à-vis the action plans were spelt out in the Report wherever applicable. Another Director desired that implications of the COVID-19 pandemic and measures taken by the Bank in this regard may be captured in all activities reported in the Annual Report.

15.3 The Board passed the following resolution:

**Resolved**

that the Deputy Governor's memorandum dated June 19, 2020 on the First draft of Annual Report for July 2019 to June 2020 be, and is hereby recorded.

**16. Report on activities of Premises Department for April 2019 to March 2020**

16.1 The item was deferred.

**17. Proceedings of the meeting of Local Board (Northern Area) held on Monday, December 23, 2019 at RBI, New Delhi**

17.1 The proceedings of the meeting of Local Board (Northern Area) held on Monday, December 23, 2019 at RBI, New Delhi were submitted to the Central Board.

17.2 The Board considered the same and passed the following resolution:

**Resolved**

that the proceedings of the meeting of the Local Board (Northern Area) held on Monday, December 23, 2019 at RBI, New Delhi be, and are hereby recorded.

**18. Proceedings of the meeting of Local Board (Western Area) held on December 23, 2019 at Mumbai**

18.1 The proceedings of the meeting of Local Board (Western Area) held on December 23, 2019 at Mumbai were submitted to the Central Board.

18.2 The Board considered the same and passed the following resolution:

**Resolved**

that the proceedings of the meeting of Local Board (Western Area) held on December 23, 2019 at Mumbai be, and are hereby recorded.

[redacted]

[redacted]

[redacted]

20. **Refinance Facility to the National Housing Bank.**

20.1 The Board considered the Deputy Governor's memorandum dated April 22, 2020 on Refinance Facility to the National Housing Bank.

20.2 The Board passed the following resolution:

**Resolved**

that the Deputy Governor's Memorandum dated April 22, 2020 on special refinance facility to National Housing Bank be and is hereby noted and the proposals contained therein are ratified.

[redacted]

[redacted]

## 22. Budget Estimates for 2020-21 (July 2020 to March 2021)

22.1 The Board considered the Executive Director's memorandum dated June 26, 2020 on Budget Estimates for 2020-21 (July 2020 to March 2021)

[redacted]

22.3 The Board passed the following resolution:

**Resolved**

that the budget proposals for the period July 2020 – March 2021 be, and are hereby, approved. Any additional expenditure during the year, in case warranted, may be considered and approved by the CCB by way of supplementary budgets.

**23. Additional Refinance Facility to the National Housing Bank.**

23. 1 The Board considered the Deputy Governor's memorandum dated June 18, 2020 on Additional Refinance Facility to the National Housing Bank.

23.2 The Board passed the following resolution:

**Resolved**

that the Deputy Governor's Memorandum dated June 18, 2020 on additional refinance facility to NHB be, and is hereby noted and the proposals contained therein are approved.

**24. Nomination of Dr. Mridul Kumar Saggar on the Monetary Policy Committee**

24. 1 The Board considered the Deputy Governor's memorandum dated June 23, 2020 on Nomination of Dr. Mridul Kumar Saggar on the Monetary Policy Committee.

24.2 The Board passed the following resolution:

**Resolved**

that the Deputy Governor's Memorandum dated June 23, 2020 on nomination of Dr. Mridul Kumar Saggar, Executive Director (Designate) on the Monetary Policy Committee as an *ex officio* member under clause (c) of Section 45ZB(2) of the Reserve Bank of India Act, 1934 be, and is hereby noted and the proposals contained therein are approved.

[redacted]

[redacted]

[redacted]:

[redacted]

[redacted]

**26. Date and place of next Central Board Meeting – August 14, 2020 at Mumbai**

**Resolved**

that the next Central Board Meeting will be held at Mumbai on August 14, 2020

**27. Any other business with the permission of the Chair**

Nil

**Information item**

(i) Nomination of Prof. Sachin Chaturvedi, Director, as a Member of the Board for Financial Supervision – **Recorded.**

(ii) Compliance to the action points emanated from the meetings of the Central Board – **Recorded.**

(iii) Re-nomination of Shri Natarajan Chandrasekaran as part-time non-official Director on the Central Board of Reserve Bank of India – **Recorded.**

**Dated : August 14, 2020** **Chairman**

**Annex I**

## 583rd Central Board Meeting: Friday, June 26, 2020
## through video conference

### Agenda

| Sl. No. | Items | Department |
|---|---|---|
| 1. | Signing of Minutes of the meeting of the Central Board held on February 15, 2020 | Secretary's |
| 2. | Grant of leave of absence to Directors | Secretary's |
| 3. | Appreciation of the services of Directors of Reserve Bank of India who have demitted office | Secretary's |
| 4. | Condolence Resolution - Dr. A. Vaidyanathan, former Director of Central Board of Reserve Bank of India | Secretary's |
| 5. | Submission of Proceedings of the meetings of the Committee of the Central Board | Secretary's |
| 6. | Weekly Statement of Affairs of Reserve Bank of India for the week ended June 19, 2020 | DGBA |
| 7. | Weekly Financial and Commercial Report (WFCR) | DEPR |
| 8. | Report on activities of Board for Financial Supervision for January 2019 to December 2019 | DoS |
| 9. | Report on activities of DCM for April 2019 to March 2020 | DCM |
| 10. | Report on activities of IDMD for April 2019 to March 2020 | IDMD |
| 11. | Report on activities of DIT for April 2019 to March 2020 | DIT |
| 12. | Report on activities of BPSS for April 2019 to March 2020 | DPSS |
| 13. | First draft of Annual Report for July 2019 to June 2020 | DEPR |
| 14. | Report on activities of Premises Department for April 2019 to March 2020 | Premises |
| 15. | Proceedings of the meeting of Local Board (Northern Area) held on Monday, December 23, 2019 at RBI, New Delhi | Secretary's |
| 16. | Proceedings of the meeting of Local Board (Western Area) held on December 23, 2019 at Mumbai | Secretary's |

| Sl. No. | Items | Department |
|---|---|---|
| [redacted] | [redacted] | [redacted] |
| 18. | Refinance Facility to the National Housing Bank. | MPD |
| [redacted] | [redacted] | [redacted] |
| 20. | Budget Estimates for 2020-21 (July 2020 to March 2021) | CSBD |
| 21. | Additional Refinance Facility to the National Housing Bank. | MPD |
| 22. | Nomination of Dr. Mridul Kumar Saggar on the Monetary Policy Committee | MPD |
| [redacted] | [redacted] | [redacted] |
| 24. | Date and place of next Central Board Meeting - August 14, 2020 at Mumbai | Secretary's |
| 25. | Any other business with the permission of the Chair | Secretary's |
| **Information Item** | | |
| (i) | Nomination of Prof. Sachin Chaturvedi, Director, as a Member of the Board for Financial Supervision | DoS |
| (ii) | Compliance to the action points emanated from the meetings of the Central Board | Secretary's |
| (iii) | Re-nomination of Shri Natarajan Chandrasekaran as part-time non-official Director on the Central Board of Reserve Bank of India | Secretary's |

**Annex II**

## 583rd Central Board Meeting: Friday, June 26, 2020 through video Conference

### Action Points

**Agenda Item 13: First draft of Annual Report for July 2019 to June 2020**

1. Specific suggestions made by Directors through direct communication by email to RBI may appropriately be incorporated in the Annual Report.

**(Action: DEPR)**

[redacted]

[redacted]

[redacted]

[redacted]